वार्षिक रिपोर्ट
2012-13

एन.आर.आर.डी.ए.

राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास एजेन्सी
ग्रामीण विकास मंत्रालय
भारत सरकार

विषय–सूची

क्र. सं.	मद	पृष्ठ सं.
1	भूमिका	1
2	राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी (एन.आर.आर.डी.ए.) के उद्देश्य	3
3	संगठनात्मक व्यवस्थाएं	6
4	प्रधान मन्त्री ग्राम सड़क योजना	10
5	प्रधान मन्त्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत गुणवत्ता आश्वासन प्रक्रिया	23
6	पीएमजीएसवाई कार्यों की मोबाईल अनुप्रयोग पर आधारित गुणवत्ता मॉनीटरिंग व निरीक्षण रिपोर्टिंग का विकास	25
7	मॉनीटरिंग	26
8	अनुसंधान एवं विकास	29
9	बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाएं	32
10	कार्यशालाएं एवं सम्मेलन	47
11	बजट	49
12	लेखा तथा लेखा परीक्षा	49
13.	राजभाषा नीति का कार्यान्वयन	49
14.	परिशिष्ट	51–122

1. भूमिका

1.1 सड़कें देश के मुख्य मार्ग हैं जो सामाजिक एवं आर्थिक वृद्धि के लिए अवसरंचनात्मक विकास उपलब्ध कराते हैं। भारत की जनसंख्या का बहुत बड़ा प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में बसता है, अतः देश के समग्र विकास के लिए ग्रामीण सड़क संपर्क एक प्रमुख घटक है। यह कृषि आय को बढ़ाने, रोजगार के अच्छे अवसर प्रदान करने तथा शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच उपलब्ध करा संभाव्य संपर्क को बढ़ावा देकर ग्रामीण विकास प्रदान कराता है।

1.2 तद्नुसार ग्रामीण सड़क संपर्कता धारणीय गरीबी उन्मूलन सुनिश्चित करने हेतु एक मूल अवयव है। वर्षों से केन्द्रीय एवं राज्य सरकारें विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से देश में बसावटों को संपर्कित करने के लिए प्रयासरत हैं।

हालांकि ग्रामीण सड़क राज्य का विषय है, भारत सरकार ने ग्रामीण सड़क संपर्कता के महत्व को देखते हुए 25 दिसम्बर, 2000 को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई), एक पूर्णतया वित्तपोषित तथा केन्द्र द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के रूप में आरम्भ किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 500 अथवा अधिक की जनसंख्या (2001 की जनगणना के अनुसार) वाली बसावटों को बारहमासी सड़क संपर्क उपलब्ध कराना है। पहाड़ी राज्यों (उत्तर–पूर्व, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, उत्तराखंड), मरूस्थल क्षेत्रों (जैसाकि मरूस्थल विकास कार्यक्रम में निर्धारित किया गया है), जनजाति (अनुसूची–V) क्षेत्रों तथा वामपंथी उग्रवाद प्रभावित/एकीकृत कार्य योजना (आईएपी) जिलों, जैसाकि गृह कार्य मंत्रालय/योजना आयोग द्वारा निर्धारित किया गया है के संबंध में 250 अथवा अधिक की जनसंख्या (2001 की जनगणना की अनुसार) वाली बसावटों को संपर्क उपलब्ध कराने का उद्देश्य है।

1.3 वर्ष 2000 में लगभग 40% बसावटों को बारहमासी सड़क संपर्कता उपलब्ध नहीं थी। पीएमजीएसवाई आरम्भ करने के बाद जिला ग्रामीण सड़क योजना (डीआरआरपी) तैयार करने तथा कोरनेटवर्क की पहचान करने का कार्य विधिवत् किया गया था। कोरनेटवर्क सभी पात्र बसावटों को एकल बारहमासी संपर्कता सुनिश्चित कराता है। इस योजना के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप 1.59

लाख बसावटों (राज्यों की अन्य योजनाओं के अंतर्गत कवर की गई बसावटों को छोड़कर) को 3.93 लाख किलोमीटर की आकलित सड़क लम्बाई के साथ नई संपर्कता उपलब्ध कराने तथा 3.73 लाख लम्बाई वाली विद्यमान सड़कों का उन्नयन करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा सामान्य मैदानी क्षेत्रों में 500 तथा इससे अधिक की जनसंख्या, अनुसूची–V (82 आईएपी को छोड़कर) तथा बीएडीपी, पहाड़ी राज्यों, मरूस्थल क्षेत्रों में 250 तथा अधिक की जनसंख्या वाली शेष बची बसावटों व अरूणाचल प्रदेश में अन्तर्राष्ट्रीय सीमान्त जिलों में 250 + वाली अतिरिक्त संपंर्कविहीन बसावटों को शामिल करने हेतु हाल ही में मंत्रीमंडल द्वारा किये गये अनुमोदन के बाद 2001 की जनगणना के अनुसार पीएमजीएसवाई के अंतर्गत कुल पात्र संपर्कविहीन बसावटों की संख्या 1,78,184 हो जाती है।

1.4 भारत सरकार ने ग्रामीण आधारिक संरचना को आवर्धित करने के विचार से एक समयबद्ध कार्य–योजना – ''भारत निर्माण'' की घोषणा की है। इसके छः घटकों में ग्रामीण संपर्कता को भी एक महत्वपूर्ण अवयव के रूप में शामिल किया गया है।

भारत निर्माण के अंतर्गत 63,940 बसावटों को 1.89 लाख कि .मी. सड़कों के साथ नई संपर्कता उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त 1.94 लाख कि.मी. विद्यमान थ्रू रूटों का उन्नयन भी किया जाएगा।

भारत निर्माण के अंतर्गत यह लक्ष्य रखा गया था कि 1000 या इससे अधिक अबादी वाली (पहाड़ी तथा जनजाति व रेतीले क्षेत्रों में 500 या इससे अधिक जनसंख्या वाली) बसावटों को वर्ष 2012 तक बारहमासी संपर्कता प्रदान की जाए। आकलित किया गया है कि भारत निर्माण के अंतर्गत **63,940** बसावटों को **1.89** लाख कि.मी. सड़कों के साथ नई संपर्कता उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त 1.94 लाख कि.मी. विद्यमान थ्रू रूटों का उन्नयन भी किया जाएगा।

1.5 राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी (एन.आर.आर.डी.ए) 14 जनवरी, 2002 को 1860 के सोसाइटी अधिनियम–XXI के अंतर्गत गठित की गई थी। एनआरआरडीए का मूल उद्देश्य कार्यक्रम कार्यान्वयन को तकनीकी विशिष्टियों पर परामर्श देने, परियोजना का मूल्यांकन करने, गुणवत्ता मॉनीटर करने और मॉनीटर प्रणालियों के माध्यम से कार्यक्रम को सहायता प्रदान कराना है। मंत्रालय को सहायता प्रदान करने की दृष्टि से

एजेंसी इस कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन के हेतु तकनीकी और प्रबन्ध सहायता उपलब्ध कराने के लिए एक सुसम्बद्ध व्यावसायिक तथा बहु–अनुशासनिक निकाय है ।

2. एनआरआरडीए के उद्देश्य

एनआरआरडीए का मूल उद्देश्य कार्यक्रम कार्यान्वयन को तकनीकी विशिष्टियों पर परामर्श देने, परियोजना का मूल्यांकन करने, गुणवत्ता मॉनीटर करने और मॉनीटरिंग व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी की गई धन राशि के संबंध में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यान्वयन में राज्यों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किए जाने वाले व्यय, मॉनीटर करन` की व्यवस्था करना है।

राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी की स्थापना मूलतः निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए की गई थी :–

1. विभिन्न तकनीकी एजेंसियों के साथ विचार–विमर्श करना तथा ग्रामीण सड़कों के उपयुक्त डिज़ाइन और विशिष्टताओं पर पहुँचना और तत्पश्चात पुलों और नालों सहित ग्रामीण सड़कों के डिज़ाइन और विशिष्टताएं निर्धारित करने में ग्रामीण विकास मंत्रालय की सहायता करना।

2. प्रमुख तकनीकी एजेंसियों और राज्य तकनीकी एजेंसियों द्वारा निष्पादित किए जाने वाले कार्यों का निर्धारण करना।

3. ख्याति प्राप्त तकनीकी संस्थानों को, उनको सौंपे जाने वाले कार्यों के निष्पादन के लिए प्रमुख तकनीकी एजेंसियों और राज्य तकनीकी एजेंसियों के रूप में नियुक्त करना।

4. राज्यों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों को जिला सड़क योजना तैयार करने में सहायता प्रदान करना।

5. ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा विचार किए जाने के लिए राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त होने वाले प्रस्तावों की संवीक्षा करना या संवीक्षा करने की व्यवस्था करना।

6. मंत्रालय द्वारा स्वीकृत तथा कार्यनिष्पादन एजेंसियों के जरिए राज्यों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे सड़क कार्यों के निष्पादन पर स्वतंत्र मॉनीटरों के माध्यम से नजर रखना और निरीक्षण करना या कराना।

7. राज्य एजेंसियों द्वारा सड़क कार्यों का समुचित निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण सड़कों के बारे में अनुभव रखने वाले सेवारत और सेवानिवृत इंजीनियरों, अकादमिकों, प्रशासकों और अन्य एजेंसियों को स्वतंत्र मॉनीटरों के रूप में नियुक्त करना।

8. सड़क कार्यों की प्रगति को, पूर्ण करने की निर्धारित समय–सीमा, तकनीकी विशिष्टताओं, परियोजना मूल्यांकन एवं गुणवत्ता नियंत्रण की विधियों के विशेष संदर्भ में, मॉनीटर करना।

9. आंकड़ों के अवलोकन और स्क्रीनिंग को सुदृढ़ बनाने के लिए अद्यतन सूचना प्राप्त करने हेतु एक 'ऑन लाइन प्रबंधन एवं मॉनीटरिंग व्यवस्था' स्थापित करना जिसमें इन्टरनेट और इन्टरनेट आधारित प्रणाली दोनों शामिल हों।

10. राज्यों अथवा संघराज्य क्षेत्रों द्वारा सड़क कार्यों के कार्यान्वयन की प्रगति के बारे में ग्रामीण विकास मंत्रालय को आवधिक रिपोर्ट भेजना।

11. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत राज्यों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा बनायी गयी ग्रामीण सड़कों के दोनों ओर फल देने वाले और अन्य उपयुक्त पेड़ लगाने की योजना बनाने और पेड़ लगाने को मॉनीटर करना।

12. राज्यों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त व्यय संबंधी रिपोर्टों के जरिए तथा 'ऑन लाइन प्रबंधन एवं मानीटरिंग व्यवस्था' के जरिए ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी की गयी धनराशि के संबंध में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यान्वयन में राज्यों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किए जाने वाले व्यय को मॉनीटर करना।

13. पायलट परियोजनाओं के निष्पादन सहित ग्रामीण सड़कों से संबंधित अनुसंधान कार्यकलाप करना।

14. ग्रामीण सड़कों के संबंध में विभिन्न प्रौद्योगिकियों का अध्ययन और मूल्यांकन तथा विभिन्न प्रौद्योगिकियों वाली पायलट परियोजनाओं पर अमल करना।

15. ग्रामीण सड़कों के बारे में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तर के प्रतिष्ठित संस्थानों, एजेंसियों अथवा निकायों के साथ सहयोग करना।

16. ग्रामीण सड़क कार्यक्रम के कार्यान्वयन के साथ–साथ संबंधित राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों तथा मंत्रालय के अधिकारियों के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों में उपयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था करना।

17. ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता तथा लागत–मानदण्डों में सुधार के उपायों पर सुझाव देना।

18. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के बारे में पुस्तकें, साहित्य प्रकाशित करना, प्रिंट, दृश्य अथवा दृश्य–श्रव्य प्रचार सामग्री तैयार करना या इसकी व्यवस्था करना।

19. ग्रामीण सड़कों के बारे में कार्यशालाओं तथा सेमिनारों का आयोजन और प्रायोजन करना।

20. ग्रामीण सड़को के निर्माण के लिए अपेक्षित उपकरण अथवा मशीनें खरीदना, लीज पर तथा किराए पर लेना।

21. कार्यक्रम के उद्देश्य को प्राप्त करने तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और इसी तरह के अन्य संबंधित कार्यक्रमों, जिन पर अमल किया जा सके, की आयोजना और कार्यान्वयन में ग्रामीण विकास मंत्रालय की सहायता करने के लिए यथा–आवश्यक क्रियाकलाप करना।

3. संगठनात्मक व्यवस्थाएं

3.1 साधारण सभा में 21 सदस्य होंगे जिनमें केन्द्रीय, राज्य सरकारों के प्रतिनिधि अथवा कोई अन्य सरकारी प्राधिकारी, पदेन सदस्य के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा पंजीकृत निकायों, ग्रामीण सड़कों से संबंधित किसी भी प्रकार के क्रियाकलापों में अथवा राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी के उद्देश्यों में से किसी भी उद्देश्य में संलग्न संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके अलावा एजेंसी के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने से संबंधित विशेष विशेषज्ञता, क्षमता अथवा अनुभव रखने वाले व्यक्ति इसमें शामिल होंगे।

माननीय ग्रामीण विकास मन्त्री तथा सचिव ग्रामीण विकास एन. आर. आर. डी. ए के क्रमशः पदेन अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी (एनआरआरडीए) की साधारण सभा का गठन रिपोर्ट की अवधि अर्थात् वित्तीय वर्ष 2011–12 के दौरान निम्नानुसार था :–

क्र.सं.	नाम	व्यवसाय एवं पता	एन.आर.आर.डी.ए में पद
1.	श्री जयराम रमेश	ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार, कृषि भवन, नई दिल्ली	अध्यक्ष (पदेन)
2.	श्री एस. विजय कुमार	सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय,	उपाध्यक्ष (पदेन)
3.	श्रीमती बी. भामाथी[1]	अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, कृषि भवन, नई दिल्ली	सदस्य (पदेन)
4.	डॉ. प्रमोद कुमार आनन्द,	संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, कृषि भवन, नई दिल्ली	महानिदेशक
5.	श्रीमती मंजू राजपाल	निदेशक, (आर.सी.), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, कृषि भवन, नई दिल्ली	सदस्य (पदेन)
6.	डॉ मनोज सिंह	सलाहकार (परिवहन), कमरा नं. 264, योजना भवन, योजना आयोग, नई दिल्ली–110001	सदस्य (पदेन)
7.	श्री शक्तिकान्ता दास	अपर सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली	सदस्य (पदेन)
8.	श्री सी. कांडासामी	महानिदेशक (आर.डी) एवं विशेष सचिव, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, परिवहन भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली	सदस्य (पदेन)

[1] श्री अरविन्द मायाराम, ए.एस.एवं एफ.ए, ग्रामीण विकास मंत्रालय (जुलाई 2012 तक)

क्र.सं.	नाम	व्यवसाय एवं पता	एन.आर.आर.डी.ए में पद
9.	श्रीमती सूसन डी. जार्ज	निदेशक पंचायती राज मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली	सदस्य (पदेन)
10.	डॉ. बी. राजेन्द्र	प्रधान सचिव, बिहार सरकार, ग्रामीण कार्य विभाग, 5वां तल, विश्वेश्वर्या भवन, बेल्ली रोड, पटना–800015, बिहार	सदस्य
11.	श्री विवेक धण्ड	प्रधान सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,सदस्य छत्तीसगढ़ सरकार, मंत्रालय, रायपुर–492001 छत्तीसगढ़	
12.	श्री के. बी. अग्रवाल	सचिव , लोक निर्माण विभाग(सड़क एवं भवन) जम्मू एवं कश्मीर सरकार, नया सचिवालय, जम्मू	सदस्य
13.	श्री एस. के. सतपथी	प्रधान सचिव सह मु.का.अ, ग्रामीण विकास विभाग भू–तल, एसएसपी भवन, एचईसी भवन परिसर, रांची, झारखंड	सदस्य
14.	श्री वी एस.सेंटिल	प्रधान सचिव, स्थानीय स्वशासन विभाग, केरल सरकार सरकारी सचिवालय, उप–भवन, त्रिवेंद्रम	सदस्य
15.	श्री एस बी. चिरमांग	सचिव, लो.नि.वि., लोक निर्माण विभाग (सड़क एवं भवन) लो.नि.वि. कम्पलेक्स, मेघालय सरकार, लोअर लेचूमियर, शिलौंग–793001 (मेघालय)	सदस्य
16.	डॉ. एस. गंगोपाध्याय	निदेशक, केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान, सीआरआरआई दिल्ली–मथुरा रोड, नई दिल्ली–110020	सदस्य
17.	श्री सी कांडासामी	अध्यक्ष, आई.आर.सी, सैक्टर–6 निकट आर.बी.आई कालोनी, कामकोटी मार्ग आर.के.पुरम. नई दिल्ली	सदस्य
18.	श्री ए. मोहन[2]	महानिदेशक, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, तृतीया तल, एनआईसी मुख्यालय, ए ब्लॉक, सीजीओ कॉम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली–03	सदस्य
19.	डॉ. पी. जे. दिलीप कुमार	महानिदेशक, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, पर्यावरण भवन, सीजीओ काम्पलेक्स, नई दिल्ली	सदस्य
20.	प्रो. पी.के. सिकदर	निदेशक, इंटर कंटीनेन्टल कन्सलटेंट एण्ड टेक्नोक्रैट्स प्रा. लि., ए–8, ग्रीन पार्क, नई दिल्ली–110016	सदस्य
21.	श्री एस.सी. शर्मा	सेवानिवृत महानिदेशक, एमओआरटीएच, 175, विज्ञापनलोक, मयूर विहार, फेज–I ,दिल्ली–110091	सदस्य

[2]श्री वाई. के. शर्मा, म.नि.एनआईसी, नई दिल्ली (अप्रैल 2013 तक)

श्री आर सी सिन्हा, प्रो. सतीश चन्द्र, प्रो. ए वीर राघवन तथा प्रो. के सुधाकर रेड्डी साधारण सभा की बैठकों में विशेष आमंत्रितों के रूप में जुड़े रहे हैं।

वर्ष के दौरान साधारण सभा की 16वीं तथा 17वीं बैठकें क्रमशः 30 जुलाई, 2012 तथा 1 फरवरी 2013 को हुई। बैठकों की अध्यक्षता श्री जयराम रमेश, माननीय मंत्री (ग्रामीण विकास) एवं अध्यक्ष एनआरआरडीए द्वारा की गई। बैठकों में एनआरआरडीए के कार्यकलापों के पुनरीक्षण के अलावा वर्ष 2011–12 की वार्षिक रिपोर्ट का अनुमोदन किया गया, वर्ष 2011–12 के लिए एनआआरडीए के लेखा परीक्षित लेखों को अपनाया गया तथा एनआरआरडीए के बजट–वर्ष 2012–13 के लिए परिशोधित प्राक्कलनों व एनआरआरडीए के वर्ष 2013–14 के लिए बजट प्राक्कलनों को पास किया गया।

3.2 राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी (एनआरआरडीए) के नियमों तथा अधिनियमों में कहा गया है कि एजेंसी की एक कार्यकारिणी समिति होगी। कार्यकारिणी समिति में एनआरआरडीए के महानिदेशक पदेन अध्यक्ष हैं तथा एनआरआरडीए के अध्यक्ष द्वारा अधिक से अधिक सात सदस्य नियुक्त किए जाऐंगे। समिति को एजेंसी के सभी कार्यकारी एवं वित्तीय अधिकार प्रदान किए गए हैं बशर्ते कि वह इस संबंध में भारत सरकार तथा साधारण सभा द्वारा समय–समय पर जारी किए गए दिशा निर्देशों के अधीन हों। रिपोर्ट के अधीन अवधि अर्थात वित्तीय वर्ष 2012–13 के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी (एनआरआरडीए) की कार्यकारिणी समिति निम्नानुसार थी :

क्र.सं.	नाम	व्यवसाय एवं पता	एन.आर.आर.डी.ए में पद
1.	डॉ. पी.के. आनन्द	संयुक्त सचिव (आरसी) एवं महानिदेशक (एनआरआरडीए), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार,कृषि भवन, नई दिल्ली	महानिदेशक (पदेन)
2.	डॉ. प्रवीन कुमार	प्रोफेसर, परिवहन इंजीनियरिंग अनुभाग, सिविल इंजिनियरिंग विभाग, आईआईटी, रूड़की	सदस्य
3.	डॉ. एस.एल. ढींगरा	प्रोफेसर, परिवहन इंजीनियरिंग अनुभाग सिविल इंजीनियरिंग विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पोवाई, मुम्बई, महाराष्ट्र	सदस्य
4.	डॉ. अशोक कुमार सरकार	डीन फेकल्टी डिवीजन–I, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, बिरला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, पिलानी, राजस्थान	सदस्य

क्र.सं.	नाम	व्यवसाय एवं पता	एन.आर.आर.डी.ए में पद
5.	प्रो. के.सुधाकर रेड्डी	प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर, पश्चिमी बंगाल	सदस्य
6.	श्री मसौदा लाल	उप सचिव (वित्त), ग्रामीण विकास मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली	सदस्य
7.	डॉ. आई के पटैरिया	निदेशक (तकनीकी), एनआरआरडीए, नई दिल्ली	सदस्य
8.	श्री भूपाल नंदा[3]	निदेशक (वित्त एवं प्रशासन), एनआरआरडीए, नई दिल्ली	सदस्य

3.3 साधारण सभा द्वारा यथा–अनुमोदित संगठनात्मक ढांचे में 5 प्रभाग हैं। वर्तमान संगठनात्मक ढांचा परिशिष्ट–I पर दिया गया है। संयुक्त सचिव (आरसी), ग्रामीण विकास मंत्रालय, एनआरआरडीए के पदेन महानिदेशक हैं। वर्ष 2012–13 के दौरान निम्नलिखित अधिकारी एवं स्टाफ प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त थे :

1. श्री प्रभाकांत कटारे, निदेशक (परियोजना - III) एवं मुख्य गुणवत्ता समन्वयक

2. श्री भूपाल नंदा, निदेशक (वि. एवं प्रशा.)

3. श्री एन. सी. सोलंकी, निदेशक (परियोजा–I)

4. डॉ. आई.के. पटैरिया, निदेशक (तकनीकी एवं परियोजना - II)

5. श्री सुनील कुकरेजा, संयुक्त निदेशक (वित्त एवं प्रशा.)

6. श्री अशित कुमार जैन, संयुक्त निदेशक (तकनीकी)

7. श्रीमती माधवी वेदुला, सहायक निदेशक,(तकनीकी)

श्री राजेन्द्र चौहान, निदेशक (वि. एवं प्रशा.) एनआरआरडीए, (31 जुलाई 2012 तक)

8. श्री सी. पी. एस. यादव, सहायक निदेशक (परियोजना–I)

9. श्री राकेश कुमार, सहायक निदेशक (परियोजना–III)

10. श्री शैलेन्द्र कुमार दुबे, सहायक निदेशक (तकनीकी)

11. श्री तौफीक अहमद चिश्ती, सहायक निदेशक (तकनीकी)

12. श्री के.वी. राजूमोन, ड्राफ्टसमैन (परियोजना–III)

अधिकारियों एवं स्टाफ के अन्य पदों की व्यवस्था मानव शक्ति उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों के माध्यम से व्यक्तियों को लेकर की गई थी। नेमी कार्य सेवा प्रदाता एजेंसियों के माध्यम से बाहर से कराए जाते हैं।

4. प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना

4.1 योजना

4.1.1 जिला ग्रामीण सड़क योजनाएं एवं कोर नेटवर्क :–जिला ग्रामीण सड़क योजना में जिले की विद्यमान समस्त सड़क नेटवर्क प्रणाली होती है तथा यह संपर्कविहीन बसावटों को लागत एवं उपयोगिता के आधार पर किफायती एवं कार्यकुशल ढंग से सड़क संपर्क उपलब्ध कराने हेतु प्रस्तावित सड़कों की स्पष्टतया पहचान करता है। कोर नेटवर्क ग्रामीण सड़क का वह नेटवर्क है जो सभी बसावटों तक मूलभूत पहुँच उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक है। मूलभूत पहुँच बसावट तक एक बारहमासी सड़क संपर्कता के रूप में परिभाषित है। कोर नेटवर्क में मौजूदा सड़कों तथा संपर्कविहीन पात्र बसावटों तक निर्माण की जाने वाली सड़कें शामिल है।

4.1.2 सभी राज्य सरकारों को जिला ग्रामीण सड़क योजना तैयार करनी, व पीएमजीएसवाई के अंतर्गत योजनाओं के लिए कोर नेटवर्क की पहचान करनी होगी। सभी राज्यों से कोरनेटवर्क डेटा प्राप्त हो चुका है। तथापि कुछ राज्यों ने विस्तृत सूची बनाने एवं भूसत्यापन के बाद अवसंरचना में अशोधन करने अथवा बसावटों की संपर्कता संबंधि अवस्थिति को बदलने के लिए कोरनेटवर्क की समीक्षा करने हेतु आवश्यकता जाहिर की है। कुछ राज्यों ने भू–सत्यापन हेतु सविकृति ले ली है और तदनुसार कोरनेटवर्क में अपेक्षित बदलाव कर लिये हैं। कुछ राज्यों ने गांव की अपेक्षा बसावट को संपर्कता की ईकाई मानते हुए कोरनेटवर्क को संशोधित कर लिया है।

4.2 तकनीकी सहायता

4.2.1 प्रमुख तकनीकी एजेंसियां :– भारतीय प्रोद्यौगिकी संस्थान तथा अन्य प्रमुख तकनीकी संस्थानों सहित सात प्रमुख तकनीकी एजेंसियों (पी.टी.ए) को तकनीकी सहायता प्रदान करने तथा अनुसंधान परियोजनाओं पर काम करने, विभिन्न प्रौद्योगिकी कार्यों का अध्ययन एवं मूल्यांकन करने, और ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता एवं लागत मानदण्डों में सुधार के उपायों के बारे में सलाह देने के लिए नियुक्त किया गया था। पी.टी.ए की सूची **परिशिष्ट–II** पर है।

4.2.2 राज्य तकनीकी एजेंसियां : राज्य सरकार की सिफारिशों पर प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों को राज्य तकनीकी एजेंसियों के रूप में नियुक्त किया गया है। राज्य तकनीकी एजेंसियों (एस.टी.ए), राज्य सरकार द्वारा

तैयार परियोजना प्रस्तावों की संवीक्षा करती हैं तथा उन्हें तकनीकी सहायता प्रदान करती हैं। एस.टी.ए द्वारा की गई संवीक्षा से परियोजना स्वीकृति की प्रक्रिया शीघ्रता से होगी एवं पी.एम.जी.एस.वाई के कार्यान्वयन में एक निश्चित स्तर का तकनीकी अनुशासन और सख्ती स्थापित होगी साथ ही यह राज्य प्राधिकारियों के लिए प्रशासनिक रूप से भी उपयुक्त है। 31.3.2013 की स्थिति के अनुसार राज्य तकनीकी एजेंसियों (एसटीए)की सूची **परिशिष्ट–III** पर है।

4.2.3 मानक बिडिंग दस्तावेज

अच्छी प्रापण प्रणाली तथा बेहतर राष्ट्रीय एवं अतंर्राष्ट्रीय व्यवहारों का अध्ययन करने के बाद इस कार्यक्रम के लिए एक मानक बिडिंग दस्तावेज विकसित किया गया है। मानक बिडिंग दस्तावेज को विकसित करने का कार्य इस क्षेत्र के विशेषज्ञों को दिया गया था। विभिन्न राज्यों, सड़क परिहवन एवं राजमार्ग मंत्रालय, विश्व बैंक तथा एडीबी आदि की प्रापण प्रक्रिया एवं मानक बिडिंग दस्तावेजों का अध्ययन किया गया तथा मसौदा दस्तावेजों को पूरी तरह तैयार कर लिया गया गया था। मसौदा विस्तृत पुनरीक्षण की प्रक्रिया एवं विशेषज्ञों तथा राज्य सरकारों के साथ परामर्श के अंतर्गत था।

यह दस्तावेज राज्य सरकारों की निष्पादन एजेंसियों द्वारा वर्ष 2003–04 से प्रयोग में लाने हेतु निर्धारित किया गया है। मानक बिडिंग दस्तावेज में निम्नलिखित मुख्य प्रावधान रखे गए हैं:–

(i) निविदा निर्माण कार्य के साथ–साथ पांच वर्षों के लिए सड़क कार्य के रख–रखाव हेतु आमंत्रित की जाएगी ।

(ii) वित्तिय बिड को खोलने से पूर्व बिडिंग क्षमता, सिविल इंजिनियरी कार्यों तथा सम्बद्ध क्षेत्र में अनुभव, अपेक्षित मशीनरी एवं उपस्कर की उपलब्धता तथा वित्तीय क्षमता आदि के संबंध में ठेकेदार की तकनीकी योग्यता का मूल्यांकन किया जाएगा।

(iii) गुणवत्ता नियन्त्रण प्रयोगशाला स्थापित करना तथा अनिवार्य जांचें करने का उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा व ठेकेदार को अपेक्षित इंजिनियरिंग तथा तकनीकी स्टाफ नियुक्त करना होगा।

(iv) निर्माण हेतु निधियां प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी तथा पांच वर्ष के लिए सड़क कार्य के रखरखाव हेतु निधियां राज्य सरकारों द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी।

राज्यों द्वारा दस्तावेजों को प्रयोग में लाने के अनुभवों तथा पणधारियों से प्राप्त प्रतिपुष्टि के आधार पर एसबीडी में अपेक्षित संशोधन किए गए हैं तथा उन्हें वेबसाईट पर अपलोड़ किया गया है।

एडीबी एवं विश्व बैंक के विश्वभर के अनुभवों के आधार पर श्रेष्ठ व्यवहारों को अपनाने के संबंध में केवल एडीबी/विश्व बैंक सहायित परियोजनाओं के लिए एसबीडी में कुछ संशोधन किए गए हैं।

4.2.4 पीएमजीएसवाई के अतंर्गत इलैक्ट्रॉनिक प्रापण (ई–प्रोक्यूरमेंट)

पीएमजीएसवाई के दिशानिर्देशों के अनुसार परियोजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के निष्पादन हेतु एजेंसियों के चयन के लिए प्रतियोगिता के माध्यम से टेंडर करने हेतु एक सुस्थापित प्रक्रिया अपनानी होगी। इलेक्ट्रॉनिक टेंडरिंग में तुलनात्मक लाभ को दृष्टिगत रखते हुए ग्रामीण विकास मन्त्रालय ने अप्रैल 2009 से राज्यों के लिए इलेक्ट्रॉनिक टेंडरिंग का निर्णय लिया था तथा इस समय सभी राज्य पीएमजीएसवाई के अंतर्गत कार्यों का प्रापण ई–टेंडरिंग के माध्यम से कर रहे हैं।

4.3.1 परियोजना संवीक्षा तथा स्वीकृति :

परियोजना प्रस्ताव राज्यों द्वारा तैयार किये जाते हैं तथा राज्य तकनीकी एजेंसियों द्वारा स्वीकृति के बाद उन्हें एनआरआरडीए को भेज दिया जाता है। एनआरआरडीए यह सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण जाचें एवं आगे और संवीक्षा करता है कि

27,013.94 करोड़ रूपये के प्रस्तावों की जाँच कर उन्हें अधिकार संपन्न समिति द्वारा वर्ष 2012–13 के दौरान स्वीकृत किया गया।

प्रस्ताव कार्यक्रम दिशा–निर्देशों को दृष्टिगत रखकर तैयार किये गये हैं। संवीक्षा किये गये यह प्रस्ताव सशक्त समिति के समक्ष विचारार्थ रखे जाते हैं। 27013.94 करोड़ रूपये के प्रस्तावों की जाँच कर उन्हें अधिकार संपन्न समिति द्वारा वर्ष 2012–13 के दौरान स्वीकृत किया गया। राज्य वार ब्यौरे **परिशिष्ट–IV** पर दिए गए हैं।

4.3.2 प्रत्यक्ष उपलब्धियां

कार्यक्रम के आरम्भ से 31 मार्च 2013 तक 91,278 बसावटों को 3,74,663 कि.मी. लम्बाई की नई संपर्कता तथा उन्नयन के साथ बारहमासी सड़क संपर्कता उपलब्ध कराई गई है।

रिपोर्ट के अधीन वर्ष के दौरान 6,864 बसावटों को 24,161 कि.मी लम्बाई की नई सड़क संपर्कता तथा उन्नयन के साथ बारहमासी सड़क संपर्कता उपलब्ध कराई गई है। राज्यवार ब्यौरे **संलग्न V** एवं **VI** पर दिये गये हैं।

रिपोर्ट के अधीन वर्ष के दौरान 6,864 सड़क संपर्कता तथा उन्नयन के साथ बारहमासी सड़क संपर्कता उपलब्ध कराई गई बसावटों को 24,161 कि.मी लम्बाई की नई है।

पीएमजीएसवाई संचयी संपर्कता झुकाव 2012–13 तक

बसावटें



लम्बाई (कि.मी)



4.4 प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत निर्मित सड़कों का रख–रखाव।

एक प्रक्रिया तैयार की गई है जिसके अनुसार राज्यों को कार्यक्रम निधियां संबंधित राज्य सरकारों द्वारा एसआरआरडीए को अनुरक्षण निधियां जारी करने पर ही जारी की जाएंगी।

कार्यक्रम के अंतर्गत निर्मित सड़क परिसंपत्तियों की धारणीयता सुनिश्चित करने के लिए निर्माण अनुबंध के साथ–साथ निर्माण पश्चात एक अनिवार्य 5 वर्षीय अनुरक्षण अनुबंध भी वर्ष 2003 से आरंभ किया गया था। तथापि तथ्यों पर विचार करते हुए कि राज्यों में अनुरक्षण गतिविधियों की ओर यथोचित ध्यान नहीं दिया जाता एक प्रक्रिया तैयार की गई है जिसके अनुसार राज्यों को कार्यक्रम निधियां संबंधित राज्य सरकारों द्वारा एसआरआरडीए को अनुरक्षण निधियां जारी करने पर ही जारी की जाएंगी। मंत्रालय भी अनुरक्षण निधियों की उपलब्धता तथा इस संबंध में राज्यों द्वारा किए गए व्यय को मॉनीटर कर रहा है। राज्य की प्रतिबद्धता तथा प्रत्येक सड़क पर किए गए खर्च के अनुसार अनुरक्षण निधि की आवश्यकताओं को मॉनीटर करने हेतु ओएमएमएएस में भी प्रावधान समाविष्ट किया गया है।

4.5 अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों / सम्मेलनों / बैठकों में भागीदारी

ग्रामीण विकास मंत्रालय, राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी तथा राज्यों सरकारों से अधिकारियों ने निम्नलिखित विषयों में सहभागिता की :

(1) निम्न परिवहन सड़क अभियान्त्रिकी। (उत्तम व्यवहार) के संबंध में ऑरलैण्डो, फ्लोरिडा, यूएसए में 11–13 अप्रैल 2012 को ग्रामीण सड़कों पर आईआरएफ कार्यकारी संगोष्ठी

अंतरराष्ट्रीय सड़क संघ ने ऑरलैण्डो, फ्लोरिडा (यूएसए) में अप्रैल 11–13, 2012 के दौरान हुए ग्रामीण सड़क निम्न परिवहन सड़क अभियान्त्रिकी (उत्तम व्यवहार) पर हुई कार्यकारी संगोष्ठी में नामांकन आमंत्रित किए इस संगोष्ठी का उद्देश्य अभियन्ताओं को सड़कों पर सतह तथा प्रत्येक ऐसे स्थल, जहां सड़क किसी नाले को पार करती है पर नालियों का महत्व तथा ढाल स्थिरीकरण के संबंध में मुख्य उत्तम व्यवहारों को समझाना था। संगोष्ठी उन समस्याओं का समाधान करने पर केन्द्रित थी जो संरचनात्मक विफलता तथा नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभावों का कारण बनती हैं। संगोष्ठी में विभिन्न देशों के सहभागियों ने भाग लिया। जिनमें सिविल अभियन्ता, सड़क प्रबंधक, अनुरक्षण कार्मिक, क्षेत्र तकनीशियन तथा निम्न परिहवन वाली सड़कों के आयोजन डिजाइन अनुरक्षण, मरम्मत एवं प्रबंधन में लगे साधन विशेषज्ञ शामिल थे।

भारत से निम्न 6 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल में भाग लिया :

1. श्री रोहित कुमार, निदेशक, ग्रामीण विकास मंत्रालय
2. श्री एस.आर. मीणा, निदेशक, ग्रामीण विकास मंत्रालय
3. श्री आर. चौहान, निदेशक (वि. एवं प्रशा.), एनआरआरडीए
4. श्री के.के. गुप्ता, सीई, पीडब्ल्यूडी, हिमाचल प्रदेश सरकार
5. श्री पी. सी. गौड़, एस. ई, पीडब्ल्यूडी, उत्तराखण्ड सरकार
6. श्री के.एल. बग्गा, सहायक निदेशक (पी–I), एनआरआरडीए

(2) बर्मिंघम, यू.के. में 18–23 जून, 2012 को दौरान वरिष्ठ सड़क कार्यकारी कार्यक्रम

अंतरराष्ट्रीय सड़क संघ (आईआरएफ) ने 18–23 जून, 2012 को बर्मिंघम, यूके में हुए वरिष्ठ सड़क कार्यकारी सम्मेलन के निम्नलिखित दो मॉडयूलों में भाग लेने हेतु नामांकन आमंत्रित किए :

मॉडयूल 1 : सड़क क्षेत्र में सुधार

मॉडयूल 2 : सड़क वित्त प्रबंध

मॉडयूल : ''सड़क क्षेत्र में सुधार'' का उद्देश्य इस विषय में हुए सुधारों की किस्म और प्रकार, उनकी प्रभाविता तथा प्रभावी सुधारों को अन्यत्र आरंभ करने हेतु शिक्षा पर बातचीत करना था। उच्च स्तरीय परस्पर बातचीत के पूर्ण अधिवेशन एवं क्षेत्र के मुख्य विशेषज्ञों द्वारा दिए गए व्याख्यान के माध्यम से सहभागियों ने अंतरराष्ट्रीय व्यवहार, क्षेत्रीय भूमिका ग्रामीण सड़कों, स्वामित्व एवं उत्तरदायित्व सड़क पट्ट, प्रबंधन संरचनाओं निष्पादन पर आधारित अनुबंधों एवं केस अध्ययन के विषय में जानकारी प्राप्त की।

इसी प्रकार ''सड़क वित्त प्रबंध'' मॉडयूल द्वारा नेटवर्क तैयार करने तथा उसका प्रबंध करने हेतु वित्त प्रबंध पर अन्य स्त्रोतों से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालना एवं सड़क क्षेत्र को और व्यावसायिक बनाने हेतु सड़कों का वित्त पोषण करने के लिए उन्नत यंत्रों की मांग पर विशेष बल दिया गया।

क्षेत्र के मुख्य प्राधिकारियों की तालिका द्वारा प्रदान किये गये सड़क वित्त प्रबंधन मॉड्यूल का उद्देश्य इन पहलुओं पर विचार करना, उच्च स्तरीय परस्पर चर्चा वाले सत्र के माध्यम से महत्वपूर्ण पहलुओं तथा पढ़े जाने वाले पाठों, विशेशकर सड़क निधियों, शासन, निजि वित, उत्तरदायित्व, सार्वजनिक–निजि हिस्सेदारी (पीपीपी), सड़क प्रयोक्ता प्रभार एवं केस अध्ययन पर बल देना है।

वरिष्ठ कार्यकारी संगोष्ठी में भारत से डॉ.पी.के. आनन्द, संयुक्त सचिव (आर.सी) एवं महानिदेशक एनआरआरडीए के नेत्त्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने भाग लिया। प्रतिनिधि मण्डल में निम्नलिखित उच्चाधिकारी शामिल थे :

1. डॉ. पी.के. आनन्द, संयुक्त सचिव (आरसी) एवं महानिदेशक, एनआरआरडीए

2. श्री एन.सी. सोलंकी, निदेशक, एनआरआरडीए

3. श्री वाई.एस. द्विवेदी, निदेशक (आरसी), ग्रामीण विकास मंत्रालय

4. श्री जे.एस. मोहन्ती, प्रधान सचिव, पीडब्ल्यूडी, राजस्थान

5. श्री सी.पी. टॉन्गडेन, मुख्य अभियन्ता, पीएमजीएसवाई, सिक्किम

6. श्री ए.ए. सगाने, मुख्य अभियन्ता, एमआरआरडीए, महाराष्ट्र; एवं

7. श्री शेर मोहम्मद, अधीक्षण अभियन्ता एवं राज्य गुणवत्ता समन्वयक, पीएमजीएसवाई, पंजाब

(3) बर्मिंघम, यूके में 25–30 जून 2012 को वरिष्ठ सड़क कार्यकारी कार्यक्रम

अन्तर्राष्ट्रीय सड़क संघ (आईआरएफ) ने 25–30 जून 2012 के दौरान होने वाले वरिष्ठ सड़क कार्यकारी कार्यक्रम के दो निम्नलिखित मॉडयूलों में सहभागिता हेतु नामांकन आमंत्रित किये।

मॉडयूल 1 : सड़क सुरक्षा

मॉडयूल 2 : सड़क अनुरक्षण प्रबंधन

''सड़क सुरक्षा'' मॉडयूल का उद्देश्य शिक्षा तथा उद्योग से जुड़े मुख्य विशेषज्ञों को सड़क क्षेत्र में सांस्थानिक सुधार के लिए अति अद्यतन संकल्पनाओं, सिद्वान्तों पर चर्चा करने हेतु एक मंच पर लाना है। इस मॉडयूल के अंतर्गत सम्मिलित किये गये विषयों में अर्थशास्त्र, निम्न दर के उपाय, दृष्टि शून्य, असुरक्षित सड़क प्रयोक्ता, ऋण नितीयां एवं नितीयां, सुरक्षा संबंधी देखरेख, चालकों का प्रशिक्षण एवं मानक, दुर्घटना का विश्लेषण, अन्तर्राष्ट्रीय व्यवहार और केस अध्ययन शामिल है।

''सड़क अनुरक्षण प्रबंधन'' मॉडयूल का उद्देश्य एक परस्पर चर्चा वाले मंच के माध्यम से ऐसे दृष्टिकोणों पर चर्चा करना था जो व्याख्यानों द्वारा केस अध्ययनों तथा शिक्षिकों, प्रभावी व कार्यकुशल सड़क अनुरक्षण प्रबंधन से जुड़े संगत पहलुओं के माध्यम से शिक्षा तथा उद्योग से अनुरक्षण प्रबंधन के विश्व स्तर के प्राधिकारियों को इकट्ठा करना है। इस मॉडयूल में कवर किये गये विषयों में डाटा एकत्रण, उपचार चयन, अग्रता, निर्णय अवलम्बन प्रणाली, ग्रामीण सड़क, धारणीयता तथा पर्यावरण शामिल है।

भारत से एक 6 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने वरिष्ठ सडक कार्यकारी कार्यक्रम में भाग लिया जिनका विवरण निम्नानुसार हैः

1. श्री एस.आर.मीणा, निदेशक (आरसी), ग्रामीण विकास मंत्रालय,

2. श्री बी. राजेन्द्र, सचिव, आरडब्ल्यूडी, बिहार

3. श्री आई.के. पटैरिया, निदेशक (पी–II एवं तकनीकी), एनआरआरडीए

4. श्री अब्दुल हामीद शेख, मुख्य अभियन्ता, कश्मीर

5. श्री हीरामथ महेश, सीई, कर्नाटक; तथा

6. श्रीमती माधवी वेदुला, सहायक निदेशक, (तकनीकी), एनआरआरडीए

(4) ऑस्ट्रेलिया में 23–26 सितम्बर 2012 को हुआ 25 वां एआरआरबी सम्मेलन

सचिव (आरडी) के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मण्डल ने पर्थ ऑस्ट्रेलिया में 23–26 सितम्बर 2012 को हुए 25 वें एआरआरबी सम्मेलन में भाग लिया। प्रतिनिधि मंडल में निम्नलिखित सदस्य शामिल थे।

1. श्री एस. विजय कुमार, सचिव (आरडी)

2. श्री एन.सी. सोलंकी, निदेशक , एनआरआरडीए

3. श्री एम.सी. बोरो, विशेष सचिव–सह–आयुक्त, पीडब्ल्यूडी, असम

4. श्री जगदीश शर्मा, सचिव, पीडब्ल्यूडी, हिमाचल प्रदेश

ऑस्ट्रेलिया में एआरआरबी समूह तकनीकी निवेशों एवं समाधानों हेतु प्राधिकारियों के लिए एक विश्वसनीय सलाहकार है। पिछले 50 से अधिक वर्षों से एआरआरबी समूह ने अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों के परीक्षण हेतु स्त्रोत विकसित किये हैं।

एआरआरबी सम्मेलन का मूल विषय ''भविष्यों को आकार देना, अनुसंधान, नीति एवं परिणामों को जोड़ना,'' था। सम्मेलन ने निम्नलिखित चार धाराओं पर ध्यान दिया

- सुरक्षित प्रणालियां
- धारणीय अवसंरचना प्रबंधन
- धारणीय अवसंरचना विज्ञान/प्रौद्योगिकी
- भीड़भाड, भार एवं उत्पादकता

लगभग 500 स्थानीय, अर्न्तराज्य व अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि मण्डलों ने सम्मेलन में भाग लिया

(5) वांशिगटन, यूएसए में 25–26 अक्तूबर 2012 को विश्व बैंक कर्मचारियों के साथ बैठक डॉ. प्रमोद कुमार आनन्द, महानिदेशक, एनआरआरडीए ने श्री प्रभाकान्त कटारे निदेशक परियोजना, एनआरआरडीए तथा श्री राजीव कुमार, प्रधान सचिव (ग्रामीण विकास), उत्तर प्रदेश सहित 25–26 अक्तूबर 2012 के दौरान वांशिगटन यूएसए में विश्व बैंक मुख्यालय का दौरा किया तथा क्षेत्रीय प्रबंधक (ग्रामीण अवसंरचना) व विश्वबैंक के टास्क टीम लीडर के साथ चर्चा की। इस चर्चा का उद्देश्य विश्व भर में ग्रामीण सड़क क्षेत्र में अपनाए जा रहे उत्कृष्ट व्यवहारों के संबंध में विश्वबैंक के अनुभव को साझा करना तथा ग्रामीण सड़क परियोजना–II के कार्यान्वयन तथा विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित ग्रामीण सड़क परियोजना–I के कार्यान्वयन की समीक्षा करना था।

(6) औरलैण्डो, फलोरिडा (अमेरिका) में 28 अक्तूबर से 06 नवम्बर 2012 को निष्पादन पर आधारित अनुरक्षण प्रबंधन

अन्तर्राष्ट्रीय सड़क संघ (आईआरएफ) नेओरलैण्डो, फलोरिडा में 28 अक्तूबर से 06 नवम्बर 2012 तक धारणीय अनुरक्षण कार्यक्रम पर कार्यकारी संगोष्ठि में शामिल होने के लिए आमंत्रित

किया। सहभागी विभिन्न देशों की स्थितियों के अंतर्गत उत्कृष्ठ व्यवहारों के अनुप्रयोग पर चर्चा करने के लिए अनुरक्षण अनुबंध तथा परिसंपत्ति प्रबंधन में सक्रिय रूप से लगे विशेषज्ञों के कार्यकारी समूहों के साथ बातचीत में शामिल हुए। भारत से डॉ. पी.के. आनन्द, संयुक्त सचिव (आरसी) तथा महानिदेशक, एनआरआरडीए के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने कर्मचारी संगोष्टी में भाग लिया प्रतिनिधिमण्डल में निम्नलिखित अधिकारी शामिल थे :

1. डॉ. पी.के. आनन्द, संयुक्त सचिव (आरसी) एवं महानिदेशक, एनआरआरडीए
2. श्री प्रभाकांत कटारे, निदेशक, एनआरआरडीए
3. श्री मनोज कुमार, निदेशक, ग्रामीण विकास मंत्रालय
4. श्री राजीव कुमार, प्रधान सचिव (आरडी), उत्तर प्रदेश
5. श्री एस.एन. त्रिपाठी, प्रधान सचिव (आरडी), ओडिशा
6. श्री एस.के. अग्रवाल, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सीजीआरआरडीए, छत्तीसगढ़

(7) एल सल्वाडोर के गणतन्त्र सैन सल्वाडोर में 28–30 नवम्बर 2012 को ''ग्रामीण सड़क एवं विकास'' पर एक बैठक तथा विश्वसंगोष्ठी का आयोजन किया गया था।

28–30 नवम्बर, 2012 के दौरान सैन सल्वाडोर में एल सल्वाडोर सरकार तथा ए.4 तकनीकी समिति द्वारा संयुक्त रूप से ''ग्रामीण सड़क एवं विकास पर एक बैठक तथा विश्व सम्मेलन का आयोजन किया गया था।

बैठक तथा विश्व संगोष्टि का उद्देश्य स्थानीय अनुप्रयोगों के साथ सार्वभौमिक संदर्भ में ग्रामीण सड़कों, जो कि संपर्कता, संक्रामिकता तथा विकास की गारंटी दे सकती है, के निर्माण एवं अनुरक्षण सहायक रणनीतियां लागू करने के लिए अनुभव तथा अनुसमर्थ कार्यों को सांझा करना था। परिवहन तथा संचार के विकास के लिए सहायक अनुभव तथा जानकारी को साझा करने व दर्शाने के लिए विश्व के विभिन्न भागों से प्रतिनिधियों ने बैठक तथा विश्व संगोष्ठी में भाग लिया। संगोष्ठी में अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों की ओर से प्रथम स्तरीय जानकारी प्रस्तुत की गई जबकि बैठक में विश्व सड़क अनुरक्षण के प्रभारी संस्थानों से प्रतिनिधि एकत्रित हुए।

भारत से श्रीमती मंजू राजपाल, उप सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय के नेतृत्व में चार सदस्य प्रतिनिधि मंडल ने बैठक तथा विश्व संगोष्ठी में भाग लिया। प्रतिनिधि मंडल में निम्नलिखित अधिकारी शामिल थे।

1. श्रीमती मंजू राजपाल, उप सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय
2. श्री एम. के. गुप्ता, प्रमुख अभियन्ता, एमपीआरआरडीए, मध्य प्रदेश
3. श्री पुरूषोतम दास हेगड़े, राज्य गुणवत्ता समन्वयक, केआरआरडीए, कर्नाटक
4. श्री राकेश कुमार, सहायक निदेशक, एनआरआरडीए

(8) वाशिंगटन डीसी, (अमरीका) में 25–28 फरवरी, 2013 को धारणीय विकास नेटवर्क मंच

श्री एस विजय कुमार, सचिव (आरडी), ग्रामीण विकास मंत्रालय के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें श्रीमती बी, भामाथी, अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय, डॉ. प्रमोद कुमार आनन्द, संयुक्त सचिव (आरसी) एवं महानिदेशक, एनआरआरडीए तथा श्री भूपाल नंदा, निदेशक (वि. एवं प्र.), एनआरआरडीए सदस्य के रूप में शामिल थे ने वाशिंगटन डीसी, (अमरीका) में 25–28 फरवरी, 2013 को धारणीय विकास नेटवर्क मंच में सहभागिता थी। इस मंच का शीर्षक था ''धारणीय भविष्य के लिए समाधान'' जिसका उद्देश्य था धारणीय विकास के लिए अत्यन्त जोरदार चुनौतियों पर चर्चा। मंच के विषयों में शहरीकरण से लेकर कृषि, सामाजिक विकास, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा एवं परिवहन तक शामिल थे।

सचिव (आरडी), जो कि भारतीय प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे थे ने पीएमजीएसवाई पर संकेन्द्रित विषय ''भारतीय सड़क क्षेत्र के लिए संस्थान'' पर प्रस्तुतिकरण किया। इस बात पर बल दिया गया कि ग्रामीण सड़क नेटवर्क आयोजन एवं गुणवत्ता गरीबी उन्मूलन हेतु प्रयत्नरत संपर्कता कार्यक्रम के मूल स्तंभ हैं।

सचिव (आरडी) ने, ''धारणीय विकास को समर्थ बनाने हेतु परिवहन'' विषय पर चर्चा में भाग लिया। ग्रामीण क्षेत्रों को उत्तम कृषि एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा उन्हें सामाजिक रूप से मुख्य धारा में शामिल करने के लिए एक बेहतर सड़क एवं परिवहन प्रणाली से सम्बद्ध विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

5. प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत गुणवत्ता आश्वासन प्रक्रिया

कार्यक्रम के निष्पादन को वांछित उच्च गुणवत्ता मानकों तक लाने हेतु पीएमजीएसवाई के अंतर्गत एक त्रिस्तरीय गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली को सांस्थानिक बनाया गया है।

पीएमजीएसवाई दिशा निर्देश गुणवत्ता पर केन्द्रित कार्यान्वयन रणनीतियों पर बल देते हैं तथा गुणवत्ता को इस कार्यक्रम के सत्व रूप में पहचानते हैं। कार्यक्रम के निष्पादन को वांछित उच्च गुणवत्ता मानकों तक लाने हेतु पीएमजीएसवाई के अंतर्गत एक त्रिस्तरीय गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली को सांस्थानिक बनाया गया है।

इस प्रक्रिया का प्रथम स्तर कार्यक्रम कार्यान्वयन यूनिट (पीआईयू) स्तर पर आंतरिक गुणवत्ता नियंत्रण है इस स्तर का उद्देश्य क्षेत्र स्थित प्रयोगशाला में सामग्री तथा कार्य कौशल पर अनिवार्य जांचों के माध्यम से प्रक्रिया नियंत्रण है। एक गुणवत्ता आश्वासन पुस्तिका (4 खण्डों में) तैयार की गई है तथा गुणवत्ता नियन्त्रण की आवश्यकता, उपस्कर तथा जांच प्रक्रियाओं व प्रबंधन प्रणाली को भली प्रकार समझने के साथ–साथ जांच की आवृत्ति की वैज्ञानिक व्यवस्था करने को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र कार्यकर्ताओं को उपलब्ध कराई गई है। स्पष्ट उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न स्तरों पर जांच निर्धारण करके स्टेज पासिंग की संकल्पना भी शुरू की गई है। क्षेत्र प्रयोगशाला की स्थापना को प्रथम भुगतान के साथ जोड़ा गया है।

द्वितीय स्तर राज्य स्तर पर एक संरचित स्वतंत्र गुणवत्ता मॉनीटरिंग है जिसमें उत्पाद नियन्त्रण के लिए कार्यों की नियमित जांच के प्रावधानों को विचारा गया है। इस स्तर पर प्रत्येक कार्य को तीन स्तरों पर निरीक्षित करना होता है, अर्थात् निर्माण का प्रारंभिक स्तर, मध्य स्तर एवं अंतिम स्तर। द्वितीय स्तर पर एक जैसा तथा संरचनाबद्ध निरीक्षण करने हेतु राज्यों के लिए अगस्त 2010 में तकनीकी दिशा–निर्देश निर्धारित किये गये हैं। इन दिशा–निर्देशों में किए जाने वाले निरीक्षणों तथा जांचों की आवृति के लिए विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। इन दिशा–निर्देशों के अन्तर्गत राज्य गुणवत्ता मॉनीटरों (एसक्यूएम) से भी यह अपेक्षा की जाती है कि वह ओएमएमएएस पर

निरीक्षणों का सार तथा प्रत्येक निरीक्षण के 10 डिजिटल फोटोग्राफ अपलोड करें। राज्यों के मानीटरों की सीमित उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए राज्य गुणवत्ता मॉनीटरों को बाह्य स्त्रोतों से लेने के लिए एक मानक दस्तावेज भी निर्धारित किया गया है। वर्ष 2012–13 के दौरान विभिन्न राज्यों में एसक्यूएम द्वारा निरीक्षित किए गए कार्यों की गुणवत्ता का श्रेणीकरण दर्शाने वाली विवरणी परिशिष्ट– VII पर दी गई है।

तृतीय स्तर के अंतर्गत सड़क कार्यों का यादृच्छिक निरीक्षण करने हेतु एनआरआरडीए द्वारा स्वतंत्र गुणवत्ता मॉनीटरों (एनक्यूएम) को नियुक्त किया जाता है जो न केवल गुणवत्ता को मॉनीटर करते हैं बल्कि क्षेत्र कार्यकर्ताओं को वरिष्ठ व्यावसायिओं का मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराते हैं। राष्ट्रीय गुणवत्ता मॉनीटर राज्य सरकार अथवा भारत सरकार के संगठनो से सेवानिवृत वरिष्ठ अभियन्ता होते हैं जिन्हें एनआरआरडीए द्वारा निर्धारित मानदण्डों के आधार पर सुचीबद्ध किया जाता है। एनक्यूएम से अपेक्षा की जाती है कि वह निर्धारित दिशा–निर्देशों के अनुसार कार्यों का निरीक्षण करें तथा अपने प्रेक्षण रिकार्ड करें। एनक्यूएम निरीक्षण के लिए दिशा–निर्देश विषयपरक बनाये गये हैं तथा कार्रवाई योग्य बिन्दुओं पर स्पष्टता सहित प्रेक्षण की परिभाषित प्रणाली पर आधारित हैं। एनक्यूएम द्वारा निरीक्षण की फोटोग्राफिक रिकार्डिंग करने के लिए भी दिशानिर्देश निर्धारित किए गए हैं। गुणवत्ता से संबधित मुद्दों की प्रभावी तथा एक समान रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने हेतु राष्ट्रीय राज मार्ग अभियन्ताओं के लिए भारतीय अकादमी (आईएएचई) के सहयोग से एनक्यूएम के लिए अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

एनक्यूएम के प्रेक्षण राज्य सरकारों को कार्रवाई के लिए भेजे जाते हैं तथा की गई कार्रवाई (एटीआर) की रिपोर्टें एनआरआरडीए में मॉनीटर की जाती हैं। प्रक्रिया में और पारदर्शिता लाने के लिए राज्यों को परामर्श दिया गया है कि वे एनक्यूएम निरीक्षणों को विस्तृत रूप से प्रचारित करें।

एनक्यूएम के प्रेक्षण राज्य सरकारों को कार्रवाई के लिए भेजे जाते हैं तथा की गई कार्रवाई (एटीआर) की रिपोर्टें एनआरआरडीए में मॉनीटर की जाती हैं।

एक स्वतन्त्र चयन समिति, जिसके अध्यक्ष महासचिव, (आईआरसी) हैं तथा निदेशक (आईएएचई), महानिदेशक (सेवानिवृत्त) श्री एस.सी.शर्मा, एम.ओ.आर.टी.एच., डॉ. प्रवीण कुमार, पीटीए समन्वयक, डॉ. सी.एस.आर. के. प्रसाद, पीटीए समन्वयक, सीआरआरआई के प्रतिनिधि–मुख्य नम्य पेवमेंट प्रभाग, सदस्य और निदेशक–।।।, एनआरआरडीए, संयोजक हैं, नये अभ्यार्थियों के आत्मवृत्तों पर विचार करती है तथा नए एनक्यूएम के नामिकायन हेतु सिफारिशें करती है।

एनआरआरडीए की कार्यकारिणी समिति नये एनक्यूएम के नामिकायन का अनुमोदन करती है। इसी प्रकार वर्तमान एनक्यूएम के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन भी स्वतंत्र कार्य निष्पादन मूल्यांकन समिति, जिसमें एसटीए/पीटीए के अधिकारी होते हैं द्वारा किया जाता है तथा इसकी कार्यवाही चयन समिति के समक्ष उसकी सिफारिशों के लिए प्रस्तुत की जाती है।

वर्तमान एनक्यूएम के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन भी स्वतंत्र कार्य निष्पादन मूल्यांकन समिति, जिसमें एसटीए/पीटीए के अधिकारी होते हैं द्वारा किया जाता है तथा इसकी कार्यवाही चयन समिति के समक्ष उसकी सिफारिशों के लिए प्रस्तुत की जाती हैं।

वर्ष 2012–13 के दौरान विभिन्न राज्यों में चल रहे/पूर्ण किए गए कार्यों के संबंध में एनक्यूएम द्वारा किए गए निरिक्षणों का सार दर्शाने वाली विवरणी परिशिष्ट–VIII पर दी गई है।

6. पीएमजीएसवाई कार्यों की मोबाईल अनुप्रयोग पर आधारित गुणवत्ता मॉनीटरिंग व निरीक्षण रिपोर्टिंग का विकास

प्रगत संगणन विकास केन्द्र (सी–डेक) पुणे महाराष्ट्र ने भू–चिन्हित (जियो टैग्ड) फोटोग्राफों सहित निरीक्षण के ब्यौरे, जिन्हें निरीक्षण समाप्त होने के शीघ्र बाद ओमास में अपलोड किये जा सके प्रग्रहण करने हेतु ओमास के साथ एकीकृत मोबाइल पर आधारित अनुप्रयोग साफ्टवेयर विकसित किया है।

प्रस्तावित अनुप्रयोग की मुख्य विशेषताएं

(i) मोबाइल स्मार्ट फोनों के प्रयोग द्वारा क्षेत्र से अल्फा न्यूमेरिक डाटा एवं फोटोग्राफ प्रग्रहण करना ।

(ii) प्रत्येक प्रविष्टि को जियोकोड तथा टाइम स्टेम्प के साथ चिन्हित किया गया है।

(iii) निरीक्षण ब्यौरों को ओमास के साथ तथा फोटोग्राफों को जीआरआरआईएमएमएस के साथ एकीकृत किया गया है।

प्रस्तावित अनुप्रयोगों के लाभ

(क) डाटा प्रग्रहण तथा निरीक्षण की स्वचालित प्रक्रिया।

(ख) डाटा का क्षेत्र में प्रग्रहण किया जाएगा तथा वास्तविक समय के अंदर इसे केन्द्रीय सर्वर में अपलोड किया जाएगा।

(ग) पत्रों पर आधारित डाटा कम्प्यूटर में कॉपी करने में कोई त्रुटि नहीं होती।

(घ) भू–संदर्भ आगे गुणवत्ता निरीक्षण का समय व स्थान को मान्यता प्रदान करता है।

(च) चित्र को निरीक्षण साइट से मिलाने में कोई हस्त्य त्रुटि नहीं होती।

मोबाइल पर आधारित अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर सचिव(आरडी) द्वारा 26 दिसम्बर 2012 को पुणे, महाराष्ट्र में आरंभ किया गया।

इस हेतु एनक्यूएम के प्रथम बैच को प्रशिक्षण 27–28 दिसम्बर 2012 के दौरान पुणे, महाराष्ट्र में दिया गया था।

शेष एनक्यूएम तथा सभी राज्यों के राज्य गुणवत्ता समन्वयकों के दूसरे बैच को प्रशिक्षण 22–23 फरवरी 2013 के दौरान भोपाल, मध्य प्रदेश में दिया गया था।

7. मॉनीटरिंग

7.1 ऑन लाइन प्रबंधन, मॉनीटरिंग और लेखा प्रणाली (ओएमएमएएस)

कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से मॉनीटर करने तथा कार्यान्वयन में बृहत्तर दक्षता, जवाबदेही एवं पारदर्शिता लाने हेतु पीएमजीएसवाई के लिए एक आधुनिक वेब पर आधारित ऑन लाइन प्रबंधन,

मॉनीटरिंग और लेखा प्रणाली (ओएमएमएएस) को सांस्थानिक बनाया गया हैं। मुख्य ऐपलीकेशन साफ्टवेयर मॉड्यूल में ग्रामीण सड़क योजना तथा कोर नेटवर्क, प्रस्ताव, टेन्डर तथा अनुबंध, निष्पादन (प्रत्यक्ष एवं वित्तीय प्रगति), गुणवत्ता मॉनीटरिंग, निधियों का प्रवाह तथा प्राप्ति एवं भुगतान लेखे (कार्यलेखें) शामिल हैं। एक गुण जो ओएमएमएएस को अन्य सॉफ्टवेयरों से अलग करता है वह पूर्ण पारदर्शिता है। इसे व्यक्ति राष्ट्रीय स्तर के संक्षिप्त उत्पाद पर आरंभ कर सकता है तथा आगे रास्ता बना सकता है। वेब साईट www.omms.nic.in है। राज्य ग्रामीण सड़क विकास एजेंसियों (एसआरआरडीए) द्वारा लेखों का हाथ से संकलन छोड़ दिया गया है। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक प्रापण जैसे नए विस्तार इसमें जोड़े जा रहे हैं तथा अधिक संख्या में राज्यों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक भुगतान को अपनाया जा रहा है। ओएमएमएएस पर एमआईएस रिपोर्टें हिन्दी, गुजराती, उड़िया और तमिल में भी उपलब्ध है।

वेबसाइट में एक मेन्यू बार है जहां फीडबैक विशिष्ट रूप से नजर आती है। फीडबैक मॉड्यूल के तीन सैक्शन हैं यथा टिप्पणी, शिकायत तथा पूछताछ। इस माड्यूल तक सभी नागरिकों की पहुंच है। कार्यक्रम से संबंधित कोई भी टिप्पणी शिकायत और/अथवा पूछताछ माड्यूल के विभिन्न सैक्शनों के माध्यम से दर्ज की जा सकती है।

एक केन्द्रीय वेबसाइट भी विकसित की गई है जो पीएमजीएसवाई परियोजना, दिशानिर्देश, संबद्ध एजेंसियों, भूमिका एवं उत्तरदायित्वों आदि के ब्यौरे उपलब्ध कराती है तथा इसे इस वेबसाइट पर www.pmgsy.nic.in पर पाया जा सकता है।

7.2 समीक्षा बैठकें

राज्य सरकारों द्वारा इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन को मॉनीटर करने के लिए कुछ समीक्षा बैठकें दिल्ली में हुई थी तथा 12 क्षेत्रीय समीक्षा बैठकें क्षेत्रीय स्तर पर हुई जिनमें प्रत्येक राज्य को वर्ष में दो बार कवर किया गया। इन समीक्षा बैठकों में ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधिकारी शामिल हुए तथा कुछ स्थानों पर सचिव ग्रामीण विकास/अपर सचिव ग्रामीण विकास, एनआरआरडीए के अधिकारी एवं राज्यों/एसआरआरडीए के अधिकारी आदि शामिल हुए। बैठक के दूसरे दिन कुछ चुनिंदा राष्ट्रीय गुणवत्ता मॉनीटरों, राज्य गुणवत्ता मॉनीटरों, प्रधान तकनीकी एजेंसियों सहित राज्य तकनीकी एजेंसियों को राज्यों की विशिष्ट तकनीकी परिचर्चाओं में आमंत्रित किया गया था।

7.3 पारदर्शिता और नागरिक मॉनीटरिंग

(क) प्रस्तावित कार्य के वास्तविक ब्यौरे उपलब्ध कराने के लिए स्थल (साईट) पर नागरिक सूचना बोर्ड तैयार किये गये हैं। पेवमेंट की प्रत्येक परत की मोटाई के ब्यौरों के साथ–साथ प्रत्येक परत में प्रयोग में लाई गई सामग्रीयों की मात्रा को बोर्डों पर दर्शाया जाता है। राज्य सरकारों को सलाह दी गई है कि वह प्रत्येक पीएमजीएसवाई सड़क पर स्थानीय भाषा में नागरिक सूचना बोर्ड लगायें ताकि नागरिकों को सूचना मिल सके और कार्यक्रम के कार्यान्वयन में पारदर्शिता को बढ़ावा मिले।

कार्यक्रम में पारदर्शिता को और बढ़ाने के लिए राज्य सरकारों को सलाह दी गई है कि वह पीएमजीएसवाई सड़कों का मिलकर दौरा करने के लिए जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने की प्रणाली को अपनायें।

(ख) सूचना का अधिकार (आरटीआई)

एनआरआरआरडीए, जो कि ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा राज्य सरकारों को पीएमजीएसवाई स्कीम के प्रभावी कार्यान्वन के लिए तकनीकी तथा प्रबंधन सहायता प्रदान कर रहा है सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत एक जनप्राधिकरण है। पीएमजीएसवाई बड़े वित्तीय स्त्रोतों का परिनियोजन शामिल करती है तथा योजना से संबधित महत्वपूर्ण सूचना को जनाधिकारी क्षेत्र में अपरिहार्य बनाने के लिए अनिवार्य रूप से प्रत्येक कार्यकारी स्तर पर पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व चाहती है जो कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का अति महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

एजेंसी ने पीएमजीएसवाई से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना को अपनी सरकारी वेबसाइट (http//www.pmgsy.nic.in) पर रखा है तथा अपने वेब समर्थ ऑन लाइन प्रबंधन, मानीटरिंग एवं लेखाकरण प्रणाली (ओएमएमएएस), जिसके लिए यूआरएल www.omms.nic.in है के माध्यम से भी और अधिक सूचना उपलब्ध करा रही है। संयुक्त निदेशक (वित्त एवं प्रशा.), तथा निदेशक (वित्त एवं प्रशा.), एनआरआरडीए क्रमशः एजेंसी के केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं अपील प्राधिकारी हैं।

(ग) परिणाम ढांचा कार्य दस्तावेज (आरएफडी)

एनआरआरडीए का आरएफडी उन अति महत्वपूर्ण परिणामों का सार उपलब्ध कराता है जो वर्ष 2011–12 के दौरान प्राप्त करने अपेक्षित हैं। इस दस्तावेज का मुख्य उद्देश्य गतिविधि का संकेन्द्रण प्रक्रिया अभिविन्यास से हटाकर परिणाम अभिविन्यास पर संकेंद्रित करना तथा वर्ष के अंत में समग्र निष्पादन का मूल्याकंन करने हेतु एक उद्देश्य एवं एक स्पष्ट आधार उपलब्ध कराना है। एनआरआरडीए का आरएफडी www.pmgsy.nic.in पर उपलब्ध है। सफलता सूचकों, लक्ष्यों सहित एनआरआरडीए की दूरदृष्टि, मिशन, उद्देश्य और कार्य **परिशिष्ट–IX** पर दिए गए हैं।

(घ) सेवोत्तम शिकायत नागरिक चार्टर तथा शिकायत दूर करने की प्रणाली : एनआरआरडीए का नागरिक चार्टर तथा शिकायत दूर करने की प्रक्रिया। **परिशिष्ट-X** पर दी गई है।

8. अनुसंधान और विकास

8.1 अनुंसधान एवं विकास की पहलें

राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी (एनआरआरडीए) ने निम्नलिखित क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास कार्यों की शुरूआत की है :

- जूट भू वस्त्र का प्रयोग।
- आई आरसी द्वारा मान्य तथा स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों को प्रयोग में ला रही परियोजनाओं का प्रौद्योगिकी प्रदर्शन।

8.1.1 ग्रामीण सड़कों में जूट भू वस्त्र का प्रयोग

कमजोर मिट्टी में सड़क निर्माण की लागत अधिक आती है इसलिए मिट्टी की मजबूती क्षमता बढ़ाने के लिए जूट प्रयोग के लाभों पर अनुसंधान और विकास निष्कर्षों का आगे अध्ययन किया जा रहा है। ग्रामीण सड़क निर्माण में जूट भू–वस्त्र (जेजीटी) के प्रयोग के क्षेत्रीय स्तर पर

क्षमता में सुधार करने के लिए एक पायलट परियोजना की शुरूआत की गई और जूटविनिर्माण विकास परिषद् (जे.एम.डी.सी.), जो वस्त्र मंत्रालय की एक एजेंसी है को इस पायलट परियोजना के लिए नोडल एजेंसी के रूप में पहचाना गया था। यह इसकी बजाय केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सी.आर.आर.आई) नई दिल्ली के लिए तकनीकी परामर्शदाता के रूप में बनी रही है। जेजीटी टेक्नॉलोजी के साथ नौ सड़कें पूरी हो चुकी हैं (स्थानीय विपरीत परिस्थितियों के कारण पश्चिमी बंगाल में एक सड़क आरम्भ नहीं की जा सकी तथा इसे पाइलट परियोजना से निकाल दिया गया है) सीआरआरआई ने पांच सड़कों के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन किया है। सीआरआरआई द्वारा निम्नलिखित निष्कर्ष निकाले गए :

पेवमेंट क्षरण नियंत्रण के लिए जूट जियो टेक्सटाइल प्रौद्योगिकी ने संतोषजनक कार्य किया है। जैसा कि यह अध्ययन कम परिवहन वाली सड़कों पर आधारित है, जूट जियो टेक्सटाइल के प्रयोग के साथ पेवमेंट के कार्य निष्पादन में सुधार और तथ्यता प्रेक्षणों के दो सेटों के आधार पर जूट जियो टेकस्टाइल के प्रयोग से सही ढंग से लाभ निर्धारण को स्थापित करना कठिन है। सीआरआरआई ने सुझाव दिया है कि पांच वर्ष की अवधि के लिए निष्पादन मूल्यांकन करने हेतु पीएमजीएसवाई के अंतर्गत कुछ और सड़के निर्मित की जाएं।

8.1.2 प्रौद्योगिकी प्रदर्शन परियोजनाएं

राज्यों को प्रोत्साहित किया गया है कि वह स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों तथा भारतीय सड़क कांग्रेस द्वारा मान्य सामग्रियों को भी प्रयोग में लाते हुए नियमित प्रस्तावों के साथ–साथ प्रौद्योगिकी प्रदर्शन परियोजनाएं प्रस्तुत करें। राज्यों से प्राप्त की गई परियोजनाओं की संवीक्षा की जाती है तथा उन्हें तकनीकी प्रदर्शन एवं सामग्रियों के मूल्यांकन हेतु अधिकार संपन्न समिति को प्रस्तुत किया जाता है।

- आन्ध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, ओडिशा तथा तमिलनाडु राज्यों को प्रत्येक राज्य की ग्रामीण सड़क परियोजनाओं में नई संपर्कता अथवा उन्नयन के अंतर्गत 50 कि.मी. की लम्बाई में कायर जीओ टेक्सटाइल का प्रयोग करने हेतु पत्र जारी किए गए हैं।

- सभी राज्यों को ग्रामीण सड़क परियोजनाओं की लगभग 100 कि.मी. लम्बाई को पायलट आधार पर पीएमजीएसवाई के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों की ऊपरी सतह के निर्माण हेतु, यदि राज्य में अनुमत हो कोल्डमिक्स प्रौद्योगिकी के प्रयोग, के लिए पत्र प्रचारित किए गए हैं।

- आर एवं डी शीर्ष के अंतर्गत 31 मार्च 2013 तक स्वीकृत की गई सड़कों, जिनमें विभिन्न सामग्रियां एवं प्रौद्योगिकियां प्रयोग में लाई गई हैं की राज्यवार संख्या परिशिष्ट-XI पर दी गई है।

8.1.3 ग्रामीण सड़क पेवमेंट के कार्य निष्पादन का अध्ययन

ग्रामीण सड़क पेवमैंट निष्पादन अध्ययन राज्य तकनीकी एजेंसियों के लिए आयोजित कार्यशाला की सिफारिशों पर शुरू किया गया है ताकि निम्नलिखित के मूल्यांकन को सुगम बनाया जा सकेः–

- स्थिरता बनाए रखने के लिए वर्तमान डिजाइन प्रक्रियाओं की दक्षता।

- विभिन्न सामाजिक आर्थिक परिवेशों में सड़कों पर चलने वाले यातायात में विविध वृद्धि की प्रवृत्तियाँ।

- विभिन्न क्षेत्र स्थितियों में निश्चित समयावधि में पेवमेंट की उत्तरोतर खराबी।

ग्रामीण सड़क पेवमैंट निष्पादन अध्ययन कराने के लिए पीटीए/एसटीए से संस्थानों की पहचान कर ली गई थी तथा समझौता मसौदे पर हस्ताक्षर कर दिए गए थे। सभी संस्थानों से अंतिम रिपोर्टें प्राप्त हो चुकी हैं। संस्थानों से प्राप्त हुए डाटा का विशलेषण तथा प्रतिरूपण भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान चैन्नई द्वारा किया जा रहा है।

9. बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाएं

9.1 बाह्य वित्त पोषण एजेंसियां

चूंकि केंद्रीय सड़क निधि अधिनियम के अंतर्गत हाई स्पीड डीजल पर उपकर की उगाही से उपलब्ध संसाधन इस प्रकार के कार्यक्रम के वित्तपोषण के लिए पर्याप्त नहीं है इसलिए ग्रामीण विकास मंत्रालय को वित्त मंत्रालय के सहयोग से उपयुक्त कदम उठाने के लिए प्राधिकृत किया गया है ताकि बाह्य वित्त पोषण एजेंसियों, जैसे विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक से ऋण लेने सहित अतिरिक्त वित्तीय संसाधन जुटाए जा सकें।

राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी परियोजना की तैयारी और कार्य निष्पादन के लिए तकनीकी और प्रचालन संबंधी सहायता प्रदान करती है। ऋण/परियोजना अनुबंधों में नियत फ्रेमवर्क के अनुसार इन परियोजनाओं के कार्य निष्पादन को भी एन आर आर डी ए द्वारा मॉनीटर किया जाता है।

9.2 विश्व बैंक सहायित पीएमजीएसवाई आरआरपी–II परियोजना

